**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 20 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

आज विश्व शरणार्थी दिवस है। पूरे विश्व में शरणार्थियों के सम्मान की प्रतिबद्धता के लिए संयुक्त राष्ट्र ने यह अंतरराष्ट्रीय दिवस निर्धारित किया है। यह दिवस उन लोगों के साहस और शक्ति का सम्मान करता है जिन्हें किसी संघर्ष या यातना के कारण स्वदेश छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

************************************************************************

कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद आज से फिर शुरू हो रही है। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर नाथुला से 36 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना करेंगे। पर्यटन और नागर विमानन अपर मुख्य सचिव सी.एस. राव ने बताया कि सुचारू यात्रा सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मानसरोवर यात्रा पर नाथुला से दस जत्थे जाएंगे।

************************************************************************

सांसद नवीन जिंदल ने कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर 21 जून को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और योग गुरु स्वामी रामदेव शिरकत करेंगे।मीडिया से बातचीत में श्री जिंदल ने कहा कि इस आयोजन में एक लाख से अधिक लोगों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह पूरे हरियाणा और विशेषकर कुरुक्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इतनी बड़ी संख्या में लोग एक साथ योग करेंगे। उन्होंने कहा कि योग भारत का दुनिया को दिया गया अनमोल तोहफा है, जो न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है और आध्यात्मिक उन्नति में भी सहायक है।श्री जिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि आज पूरी दुनिया योग से लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि गीता स्थली से भगवान श्रीकृष्ण का संदेश दुनिया तक पहुंचा और अब योग का संदेश भी यहीं से वैश्विक स्तर पर जाएगा। सांसद ने बताया कि वे खुद पिछले 35 सालों से नियमित योग और प्राणायाम करते आ रहे हैं और इससे उन्हें बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने युवाओं और बच्चों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

************************************************************************

आयुष राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि योग सिर्फ एकदिवसीय आयोजन नहीं बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने लोगों से योग को जीवन में शामिल करने और परिवार के सदस्यों को भी इस ओर प्रेरित करने का आग्रह किया।

***योग यह एक दिन का इवेंट नहीं है। हमारे प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि योग को अपनी जीवन शैली बनाओं, अपने जीवन में योग को स्थान दो और योग के माध्यम से तंदुरूस्त रहो। अब तो खुद योगा हर रोज करो, योगा के लिए समय दो, लेकिन आपके परिवार में सभी को योगा करने का प्रवृत्त करें।***

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव  अनुराग रस्तोगी ने ग्रुप-सी की भर्ती के लिए होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा, सीईटी की तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाए। मुख्य सचिव ने बताया कि सी ई टी अगले महीने यानी जुलाई में लिए जाने की संभावना है।उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान बताया गया कि सीईटी के लिए लगभग 13 लाख 48 हजार 697 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदकों की बड़ी संख्या और परीक्षा के पैमाने को देखते हुए, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने दो से तीन दिनों की समय अवधि में परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है।श्री रस्तोगी ने कहा कि सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अगले तीन दिनों के भीतर अपने-अपने जिलों में परीक्षा केंद्रों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्हें केंद्रों का चयन सुरक्षा, रसद, परिवहन पहुंच और उम्मीदवारों को समायोजित करने की क्षमता को ध्यान में रखकर करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि उपायुक्तों को इन सभी केंद्रों का पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से निरीक्षण करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं।श्री रस्तोगी ने कहा कि प्रस्तावित केंद्रों की सूची की एक विस्तृत रिपोर्ट सोमवार तक मुख्य सचिव कार्यालय और आयोग के अध्यक्ष के कार्यालय, दोनों को भेजने को कहा गया है। । मुख्य सचिव ने भर्ती प्रक्रिया की शुचिता को बनाए रखने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की चूक या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

*************************************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए कल चंडीगढ़ में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद शाईन व सभी  उच्च अधिकारी मौजूद रहे।मंत्री ने हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को समय रहते पूरा किया जाए ताकि प्रदेश में मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से किसी भी शहर में जलभराव की स्थिति बनी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने विभिन्न प्रकार के पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाने, ड्रेन की सफाई व सीवरेज की सफाई कार्य की भी समीक्षा की।

*************************************************************************